तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जिला प्रशासन के अधिकारी इस बार हर्बल गुलाल के रंगों से मनाएंगे ...



11 मैत्रीबाग में गूंजेगी जंगल सफारी की सफेद ...



छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### 19 पौवा शराब के जब्त युवक गिरफ्तार

**बेमेतरा।** गुरुवार को थाना नांदघाट पुलिस को सूचना मिला कि एक व्यक्ति खैरा चौक के पास रोड किनारे अवैध रूप से शराब रखकर लोगों को शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने आरोपी राजा मसीह पिता सुबोध मसीह 19 वर्ष निवासी विश्रामपुर थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। कुल 19 पौवा अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि राजेन्द्र कश्यप एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

### 32 चालकों से 12 हजार जुर्माना वसूला

**बेमेतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 32 वाहन चालकों से 12,000 रूपये समन शुल्क वसूला। साथ ही माईनर एक्ट के तहत 56 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई। वहीं आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 10 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही हुई।

### होली पूर्व पुलिस गश्त तेज

**बालोद/निकुम।** अर्जुन्दा पुलिस थाना प्रभारी मनीष पाण्डे व पुलिस टीम 56 गांवों के बीट पांइट पर लगातार गश्त कर रहे है। होली सिर्फ दो दिन बची है, जिसे लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र के गांवों में शांति से होली मनाने की अपील किया जा रहा है।

वहीं क्षेत्र में तीन सवारी वाहनों, नशे में धुत्त होकर, बदमाशी करने वालों की खैर नही है। क्षेत्र भरदाकला, मोहंदीपाठ, खुरसुनी, देवरी द, गोड़ेला सहित कई गांवों में पुलिस गश्त कर रही है, वही त्यौहार में अन्य प्रेट्रोलिंग वाहन से अर्जुन्दा पुलिस क्षेत्र में नजर रख रही है। वहीं थाना प्रभारी अर्जुन्दा ने कहा कि जबदस्ती किसी पर रंग ना डाले, वहीं गांवो में बच्चों द्वारा रस्सी द्वारा रास्ता ना रोके, इससे कई बार घटना हो जाती है।

### आज शहर के कई इलाकों में विद्युत सेवा रहेगी बाधित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र से निकलने वाली फीडरों की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केव्ही बघमरा, जुंगेरा एवं पाररास फीडर में दो स्थानों पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य किया जाना है। इसके अंतर्गत 11 के.व्ही. पाररास फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शिकारी पारा कुंदरू पारा, मधु चौक रामदेव चौक, सदर रोड, बूढापारा कालोनी, कचहरी चौक एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी तरह 11 के.व्ही. बघमरा–जुंगेरा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कुंदरूपारा, बुधवारी बाजार, रेल्वे कालोनी, गणपतिनगर, शिक्षक नगर, संजयनगर, पाररास एवं आसपास के क्षेत्रें में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## आयोजन : कलेक्टर ने ली बैंकर्स की बैठक

# लंबे समय से निष्क्रिय खातों में अचानक होने लगे लेनदेन तो बैंक तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को दे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

### लोकसभा आम निर्वाचन 2024: संदिग्ध लेनदेन वाले बैंक अकाउंट पर नजर रखने दिए निर्देश



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव के परिपेक्ष्य में जिले के बैंकिंग संस्थाओं की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान चुनाव अभ्यर्थियों का जीरो बैलेंस खाता खोला जाए।

साथ ही चुनाव के समय बैंक खाताओं से होने वाले संदेहास्पद लेन-देन, किसी खाते से अधिक संख्या में पैसे की निकासी और एक ही दिन में अलग-अलग नाम से निकासी अवांछित लेनदेन होने की स्थिति में तत्काल ही प्रशासन को जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा की निर्वाचन प्रकिया की शुध्दता बनाये रखने के लिये निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंकों से किए गए संदेहजनक लेन-देन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा की चुनावी व्यय के लिए उम्मीदवार को नया खाता खोलना चाहिए। पहले का कोई खाता नहीं मान्य होगा, भले ही उनका बैलेंस शून्य हो।

नामांकन के समय उम्मीदवार को अपने परिवार के सभी सदस्यों के बैंक खाते की जानकारी देंगे। बैंक इन सभी खातों पर निगरानी रखेगा। संदेहास्पद अंतरण, बहुतायत अंतरण की जानकारी आरओ, एआरओ व जिला नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। एटीएम में कैश भरने वाले सभी कर्मचारी के पहचान पत्र बनाने को कहा। साथ ही कैश वेन में नकद राशि के पर्याप्त साक्ष्य व अभिलेख मौजूद हो। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने सभी बैंकर्स को आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम या चेक- नकद भुगतान हो एक लाख के अंतरण पर नजर रखना है। 10 लाख या ज्यादा की जानकारी निर्वाचन कार्यालय एवं आयकर अधिकारी को देना है। लंबे समय से अनुपयोगी खातों में अचानक बड़े लेन-देन की सूचना देने के निर्देश दिए। यह निर्देश सभी शासकीय, सहकारी, निजी बैंको के लिए है।

### कैश ट्रांसपोर्टेशन वाहनों पर क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य

मास्टर ट्रेनर ने बैठक में बताया कि चुनाव के दौरान बैंकों के माध्यम से कैश फ्लो की निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप में सुविधा है। सभी शासकीय, अर्धशासकीय बैंक शाखाओं का संपूर्ण विवरण ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री किया जाना अनिवार्य है। बैंकों द्वारा कैश वाहन के परिवहन किए जाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल में डीएलबीसी लॉगिन के माध्यम से समस्त बैंक ब्रांच जिनके द्वारा कैश वहां का परिवहन किया जाना है इत्यादि प्रोफाइल बनाकर लॉगिन करना पड़ेगा होगा। इसके पश्चात कैश वाहन जाने पर उसकी पूर्ण जानकारी एंट्री करें। क्यूआर कोड जनरेट कर वाहन में लगाना होगा। कैश ट्रांसफर ट्रांसपोर्टेशन में उपयोग में ले जाने वाले वाहन में क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य होगा। जिसमें वाहन संबंधी जानकारी जैसे वहां की जानकारी दी। एक बार जनरेट कर कोड एक बार में कैश ट्रांजैक्शन हेतु ही उपयोग किया जाएगा। क्यूआर कोड जनरेट करने पर चुनाव के दौरान चेक-पोस्ट, नाके में जांच किए जाने पर बार कोड स्कैनिंग के माध्यम से ऑथेंटिकेशन किया जाएगा, जिससे असुविधा नहीं होगी।

# अमानक खाद्य का विक्रय पर 1.25 लाख का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- खाद्य सामग्री का सौंपल लिया गया

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने होली त्योहार को मद्देनजर रखते हुए मिठाई दुकान, होटल, किराना दुकान, खाद्य निर्माता फर्म इत्यादि खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए रेस्टोरेंट से वेज ग्रेवी, कुक्ड पनीर मसाला, सुपर बाजार से शक्कर, मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल, घी, मिल्क केक मिठाई लूज, इत्यादि गुणवत्ता जांच के लिए का नमूना लिया गया है।

साथ ही अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों पान मसाला, चना बेसन, मिथ्याछाप बेकरी प्रोडक्ट, अवमानक चिली पाउडर, चायपत्ती एवं मिथ्याछाप पोहा इत्यादि के विक्रेता तथा निर्माता फर्म को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरणों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर एक लाख पच्चीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

कारोबारियों को प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने व किसी भी तरह से अमानक खाद्य पदार्थ का विक्रय नही करने निर्देश दिया जा रहा है। इसी प्रकार खाद्य सामग्री जैसे समोसा, बड़ा, भजिया व मिठाई आदि में फूड ग्रेड पेपर तथा मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में एफएसएसआई द्वारा परमिटेड रंग का उपयोग करने संबंधी नियमानुसार आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है।

उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे एवं कमल प्रसाद, नमूना सहायक द्वारा की जा रही है। जिले में होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। जिससे जनसामान्य को सुरक्षित खाद्य पदार्थ, मिठाइयां उपलब्ध हो सकें।

### खंडसरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

# मेरा पहला वोट देश के लिए युवा वर्ग ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शुक्रवार को हायर सेकेण्डरी 12वीं बोर्ड परीक्षा के सम्पन होते ही शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा के आई.टी, कृषि व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों, (ई.एल.सी) चुनावी साक्षरता क्लब के सदस्यों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे ने अगामी लोकसभा चुनाव में युवा निर्वाचकों के लिये 'मेरा पहला वोट देश के लिये' मतदाताओं को मतदान करने और अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने घर-घर जाकर मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

तत्पश्चात शिक्षा अधिकारी खरे, विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू, बोर्ड परीक्षा के केंद्राध्यक्ष कोबिया के प्राचार्यअवन जांगडे, अजय शर्मा ने लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग मतदान के लिए मतदाता जागरूकता सायकल रैली को उम्र अठारह पूरी है मत देना बहुत जरूरी है के नारों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यालय के श्रद्धा चंद्राकार, महादेव कौशल,नीलम तिवारी, अरविंद सोनी,नीरज पांडे, मोहित रावत रोहित वर्मा, सनत कुमार,गेवेंद्र घृत लहरें साहित संस्था के पूर्व छात्र रोशन सिन्हा पंकज साहू,गोदावरी, रोशनी, स्वाती सोनी, नीतू वर्मा, युगेंद्र, कविता आदि उपस्थित रहे।

# होली में हुड़दंग किया तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- शांति समिति की बैठक संपन्न



जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली में शहर के वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ता व राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

शुक्रवार शाम आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर, एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली चंद्रदेव वर्मा व तहसीलदार ने आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये नगर के सभी समाज प्रमुख से रंगों के त्यौहार को लेकर प्रशासन की तैयारी से जहां अवगत कराया। वहीं शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर ने होली त्यौहार में शहर/गांव की सामाजिक सदभावना को बनाए रखते हुए त्योहार मनाने का आहवान करते हुए कहा कि केमिकल युक्त व हानिकारक रंगों का प्रयोग ना करें और ना ही लोगों को जबरन रंग न लगाएं। एसडीओपी तिर्की ने सभी से चर्चा करके नगर के ऐसे मोहल्ले व स्थान जहां विगत वर्षो में होली के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई है एवं उपद्रव हुआ है वहां फिक्स पाईंट लगाकर अतिरिक्त बल तैनात करने एवं सघन पेट्रोलिंग करवाने के संबंध में आश्वस्त किया इस के अलावा पुलिस प्रशासन आम जनों से यह अपील किया गया है कि होली का पर्व शांति सौहार्द्र एवं आपसी भाई चारा के साथ मनायें यह भी कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही इस बात की ताकीद किए की पर्व के दौरान उपद्रव, हुडदंगी करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी। बैठक में दिनेश दुबे, सुजीत शर्मा,नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचु साहू, पार्षद राजू साहू, वाहिद रवानी, प्रशुन शुक्ला, आनंद साहू, महेन्द्र वर्मा, निखिल साहू, योगेश वर्मा, रोहित रजक एवं शहर के सभी समाज प्रमुख, वरिष्ठ नागरिकगण एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने लिया न्योता भोज का मजा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में मध्यान भोजन संचालन समिति के सदस्य वैभव मिश्रा ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर एवं विद्यालय की शिक्षिका अलका वासनिक ने अपने पति के जन्मदिन पर न्योता भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, संस्था की प्राचार्य कविता बाजपेयी , प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे, वरिष्ठ व्याख्याता सुनील झा, संकुल समन्वयक चेतन कुमार देवांगन एवं संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रमन अग्रवाल द्वारा संस्था को वाटर फिल्टर बच्चों के उपयोग हेतु प्रदान किया गया।

### बच्चों को दिया न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव करंजिया में सुभाष कुमार साहू एवं रोशन कुमार साहू ने अपने शादी के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज दिया। इसमें खीर, पूरी ,फल और लड्डू का वितरण किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव के अध्यक्ष दुर्गा साहू एवं उपाध्यक्ष निरंजन साहू, टिकेंद्र साहू , प्रेमचंद साहू, रोहित साहू, जनकु साहू, सिंह साहू, भुवन साहू, संतोष साहू, डालेश्वर साहू, टेकराम साहू सहित शिक्षक जितेंद्र कुमार पाटिल, अजय कुमार भारद्वाज, रतना मनहरे, पूर्व माध्यमिक शाला से पवन कुमार उपाध्याय, पोखन राम गंधर्व, शासकीय हाई स्कूल से जीतन लाल लहरे, रश्मि सरीन आदि शिक्षक उपस्थित थे। भोजन पश्चात बच्चों को पेन और कॉपी बांटा गया।

## डीईओ ने किया औचक निरीक्षण...



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे औचक निरीक्षण में पहुंचे। जहां उन्होंने रसायन लैब और हेल्थ केयर लैब का रख रखाव देखा। वहीं शिक्षकों से जानकारी लेते हुए उन्होंने शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर प्राचार्य संत राम साहू, मनोज बक्शी, बी.आर.सिंग, सी.आर.ठाकुर, गीतेश देवांगन, प्रीति वर्मा, उमा जोशी, राजेंद्र साहू,तेमेश्वर गजेंद्र सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली में छात्र- छात्राओं को दी जानकारी

# विश्व जल दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली में 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को जल ही जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं किया जा सकता है।

दैनिक जीवन में विभिन्न कियाकलापों के लिए जैसे पीने के लिए, नहाने व कपड़े धोने, सिचाई हेतु जल का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा जल प्रदूषण जैसे अपशिष्ट पदार्थों को जल में बहाना, नदी एवं झीलों में कूड़ा-करकट को फेंकना, हानिकारक रसायन पदार्थों को जल में प्रवाहित करना, पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टिकोण से सही नहीं है, इत्यादि से सबंधित जानकारी दिया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा अध्यक्ष जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन व जसविंदर कौर अजमानी मलिक व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम 1986 के कानूनी प्रावधानों के बारे में बताकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया एवं जल संरक्षण करने व जल प्रदूषण से बचने हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकार व कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, खेल-कूद व व्यायाम के लाभ के बारे में बताया गया। इसके साथ ही नालसा व सालसा द्वारा संचालित कानूनी नियमों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में प्रधानपाठक परसराम साहू एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स सुश्री सोनिया राजपूत, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, चेतन सिंह, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, चंद्रकिशोर राजपूत उपस्थित रहे।

### नशेड़ी युवकों ने महिला से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** नशेड़ी युवकों ने डेली निड्स की दुकान संचालिका के साथ जमकर मारपीट किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि चिंगरीपारा सुपेला के पास डेली नीड्स की दुकान चलाने वाली महिला अमीना बेग नामक महिला के साथ बीती रात नशेडी युवकों ने जमकर मारपीट कर दिया। घटना में महिला को 6 टांके लगे है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# खाद्य प्रतिष्ठानों में मिठाइयों पर चढ़ा रहे थे घटिया जलेबी रंग, समझाइश देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

होली पर्व के चलते इन दिनों औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी जमीनी स्तर पर दिख रहे है। जांच में एक होटल में मिठाईयों पर घटिया जलेबी रंग पाया गया। जिसे समझाईश देकर अफसरों ने छोड दिया।

इसके आलावा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अफसरों ने सैंपल लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं की दुकानों में निरीक्षण कर मिठाईयों की गुणवत्ता जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 15 से 21 मार्च तक मेसर्स अग्रवाल मिष्ठान भण्डार दुर्ग से खाद्य पदार्थों मावा और बारीक बूंदी लड्डु एवं मेसर्स शिवा किराना कुम्हारी से बेसन एवं मैदा, मेसर्स बैकोलॉजी बेकर्स एवं स्वीट्स कोहका भिलाई से बेसन लड्डु, तृप्ति मिष्ठान, हटरी बाजार दुर्ग से मथुरा पेडा व केसर टिक्की एवं मेसर्स तोतामल जेठामल किराना भिलाई-03 से हरेली राईस ब्रान तेल का नमूना संग्रहण कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिले में संचालित होलसेल किराना इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार में संचालित मेसर्स अशोक ट्रेडिंग कंपनी, किशन लाल एण्ड संस, बाकलीवाल एंटरप्राईजेस, जनता किराना स्टोर्स, शमशुद्दीन जैम मोहम्मद, जे.के. प्रोव्हीजन स्टोर्स सदाणी प्रोव्हीजन स्टोर्स, पंकज ट्रेडर्स, नेमीचंद पंकज कुमार जैन, लालचंद किराना स्टोर्स एवं जयमाता दी ट्रेडर्स के साथ साथ पावर हाउस होलसेल मार्केट में संचालित मेसर्स कांतीलाल किराना मर्चेंट, ज्योति इंटरप्राईजेस, शिवशक्ति ट्रेडर्स, अनमोल ट्रेडर्स, हरयाणा ट्रेडर्स, उत्तम किराना, पापुलर किराना, ओम किराना एवं जनरल स्ट्रोर्स, पारख सुपर बाजार रिसाली, शिव किराना एवं किर्तन किराना कुम्हारी में औचक निरीक्षण किया गया।

**निरीक्षण के दौरान पाए गए अखाद्य पदार्थों का मौके पर ही किया नष्टीकरण**

### जलेबी रंग को कराया गया नष्टीकरण

निरीक्षण के दौरान पाए गए गाय छाप अखाद्य रंग (खाने लायक नहीं) का मौके पर ही नष्टीकरण कराया गया एवं जलेबी रंग बोल कर अखाद्य रंग को भविष्य में न बेचे जाने हेतु निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से लगातार भ्रमण कर व्यवसाई एवं उपभोक्ताओं को विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं नास्ता आदि परोसने हेतु अखबारी कागज एवं अखाद्य रंग के उपयोग न करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। हालांकि जलेबी रंग किस प्रतिष्ठान में मिले, इसकी जानकारी नही दी गई है।



### पर्व पर ही सक्रिय रहते हैं अफसर

हाल ही में आगामी दिनों होली पर्व है, जिसके चलते औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सक्रिय दिख रहे है। जबकि सालभर विभाग के अफसर सक्रिय नजर नही आते है। कार्यवाही के नाम पर देखा गया हैं कि, सिर्फ सैंपल लेकर खानापूर्ति की जाती है। सैंपल लेने के बाद आज तक कोई बडी कार्यवाही विभाग द्वारा नही की गई है। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार क्षीरसागर से संपर्क किया गया, उन्होने फोन रिसिव नही किया।

**खबर संक्षेप**

### गमछा पहनाकर किसानों का किया सम्मान



**दुर्ग।** भाजपा किसान मोर्चा की तरफ से विष्णु देव साय सरकार के 100 दिन पूरे होने पर किसानों का सम्मान किया गया। भाजपा के 100 किसानों को गमछा पहनकर सम्मान किया गया। इसमें दुर्ग जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार, उपाध्यक्ष योगेंद्र दिल्लीवार, मुकुंद विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष, राम नारायण साहू, कमलेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पाटन शीतल साहू आदि किसान मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित थे।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गापारा लक्ष्मी नगर वार्ड नं. 5 सुपेला तहसील व जिला दुर्ग निवासी नीतू ठाकुर की विगत 29 जुलाई 2021 को साड़ी में आग लग जाने से जलने पर उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. नीतू ठाकुर के पुत्र वरूण ठाकुर एवं पुत्री लिशा ठाकुर को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हायर एजुकेशन सर्वे की तैयारी

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,दुर्ग द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के सभागार में किया गया।

## चाय से खातिरदारी सात रुपए, भोजन कराने पर जुड़ेंगे 180 रुपए

# बैंड बजाया तो तीन हजार, गजमाल से स्वागत पर डेढ़ हजार जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है। जिसके तहत आयोग ने खाद्य सामान, प्रचार सामग्री, वाहन, टेबल व कुर्सी सहित करीब डेढ सौ से अधिक सामग्रियों के निर्धारित कर दिए है। इसमें नेताजी अगर रोज आठ घंटे प्रचार में बैंड-बाजा जाएंगे तो तीन हजार रूपए और स्वागत करने गजमाला पहनाने पर डेढ हजार रूपए खाते से कटेगी। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सभी सामग्रियों के दाम दस फीसदी बढ गए है। इस बार लोकसभा में चुनाव लडने के लिए खर्च सीमा सत्तर लाख से बढ़ाकर 95 लाख कर दी गई है। वही पार्टी उम्मीदवारों के लिए भी चुनाव सामग्रियों के दर निर्धारित कर लिए गए है। जिसके अनुसार चाय में काम चलाने पर सात रूपए और भोजन से खातिरदारी कर दी तो नेता जी के खाते में 70-180 रूपए जुड जाएंगे। इसमें सादी थाली 70 रूपए, नार्मल 95 और स्पेशन थाली पर 180 रूपए जुड जाएंगे। हालांकि विधानसभा चुनाव में ही यही दर भोजन और चाय के निर्धारित है। आयोग द्वारा ऐसे 200 तरह के अलग अलग आइटम्स की दर सूची जारी की गई है। नेताजी चाहे तो सबसे कम खर्च में सात रुपए की चाय थमा सकते हैं, वही अगर काफी पिलाई तो बीस रूपए देने पड सकते है। इसके आलावा सामान्य भोजन कराने पर सत्तर और स्पेशल थाली के लिए 180 रूपए जुड जाएंगे। इसके आलावा कुर्सी, एसी और तकिया, रजाई और चादर तक की कीमत जोड ली गई हैं। इसके आलावा फ्लैक्स, झंडा, कुर्सी, जनरेटर, कार्यालय का साज सज्जा, लाइट, कूलर, मंच का निर्माण साइज सहित 175 आइटम के दर तय किए गए हैं।

**उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा निर्धारित खर्च, देने होंगे पाई-पाई**



### पार्टी वाला गमछा के लिए जुडेंगें

पार्टियों के लिए होटल पन्द्रह सौ से एसी रूम प्रतिदिन चार हजार तक निर्धारित है। पार्टी वाला गमछा छोटा और बडे के लिए 35-60 रूपए देने होगें। इसी तरह पोस्टर बारह से अठारह इंच के लिए पांच रूपए, फोटोग्राफी प्रति कैमरा ग्यारह सौ, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी 1100 से पच्चीस सौ और तोरण छोटा और बडा पचास पैसे ढाई रूपए, बैंड बाजा पांच समूह के लिए प्रति आठ घंटा तीन हजार, ग्यारह में साढे नौ हजार, डीजे बजाने पर वाहन सहित आठ घंटे का बारह हजार जुड जाएगा। इसके आलावा नेताजी को हार पहनाने में गज माला प्रति नग पन्द्रह सौ रूपए रहेगी।

### कोल्ड ड्रिंक की रहेगी डिमांड

आयोग द्वारा नाश्ते से काम चलाने के लिए चाय के आलावा एक समोसे व कचौडी की कीमत दस रूपए, आलू पोहा पन्द्रह, लस्सी 25-50 रूपए, दौ सौ एमएल कोल्ड ड्रिंक बीस रूपए, छाछ पन्द्रह, दुध पन्द्रह, एक लीटर पानी बीस रूपए खाते से कटेगें। इसी तरह आयोग ने वाहनों की कीमत भी निर्धारित की है। जिसमें इनोवा प्रतिदिन 2250-2800 रूपए, जीप व सूमो 1100, बोलेरो 1300 स्कार्पियों 1600 इंडिका 1100 सायकल रिक्शा 350 ई रिक्शा 700 ट्रैक्टर 2000, आटो रिक्शा 800 से लेकर बस का 9 हजार और रैंज रोवर, फार्च्यूनर, आडी जैसे लक्जरी कार की भी कीमत तय की गई है।

### खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ी

लोकसभा चुनाव में हर बार आयोग मतदाताओं की संख्या के आधार पर प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च की सीमा तय करता है। इस बार प्रत्याशी के लिए 95 लाख रुपए की राशि तय की गई है। कोई भी प्रत्याशी चुनाव में इससे एक रुपए भी अधिक राशि खर्च नहीं कर पाएगा। सूत्रों के अनुसार पिछले 20 साल में प्रत्याशी के खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ाई गई है। कूलर किराया पिछले लोकसभा चुनाव में कूलर 320 एवं जम्बे कूलर का किराया 2150 था। इसमें 20 एवं 150 रुपए की कटौती की गई है। इस तरह प्रत्याशी के चुनावी खर्च में कूलर किराये के रूप में कम राशि जुड़ेगी।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

## नववधुओं का अफसरों ने किया सम्मान, पहली बार देंगी वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दूसरे जिले से विवाह होकर दुर्ग में आई नई दुल्हनों का अफसरों ने सम्मान किया। अब ये महिलाएं पहली बार दुर्ग जिले की वोटर होगी। मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान करने मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में लोकसभा दुर्ग अंतर्गत आने वाले विधानसभा 64-दुर्ग शहर के आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 01, वार्ड नंबर 36 में आज सुपोषण पखवाड़ा सप्ताह के साथ साथ स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता का भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सुपोषण पखवाड़ा के तहत 5 गर्भवती महिलाओ को सुपोषण कीट प्रदान कर गोद भराई रस्म अदा की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 13 नवविवाहितों का तिलक लगाकर, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

- आंगनबाड़ी केंद्र गंजपारा दुर्ग में हुआ मतदाता

### आंगनबाड़ी में बनेंगे सेल्फीजोन

आंगन बाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। जिसमे सभी ने सेल्फी फोटो भी ली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद इक्का, आयुक्त नगर निगम लोकेश चंद्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारी शहर अनिता सिंह, पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, कार्यकर्ता ममता यादव, कविता जाधव, रानूऊ सोनी, पार्वती यादव, अंजुम बेगम भी उपस्थित रही।

### होलिका दहन 24 को

**भिलाई।** होली महापर्व इस बार 24 मार्च रविवार को होलिका दहन एवं होली मिलन के साथ ब्रजमंडल भिलाई के गीता भवन से.6 के प्रांगण में सांय 6 बजे से सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम चुनावी आचार संहिता नियमों का अनुपालन कर मनाए जाएंगे। कार्यक्रमानुसार संध्या 4 बजे से 6 बजे तक भजनों और ब्रज के होली फाग गीतों का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात नियमित संध्या 6.15 बजे महाआरती होगी। सांय 7 बजे होलिका पूजन का कार्यक्रम होगा।

## रोमांचक मुकाबले में कवर्धा टीम ने एक रन से जीता मैच



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग टी-20 ( प्लेट ग्रुप) अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए पहला मैच धमतरी विरुद्ध बिलासपुर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें परिणाम धमतरी ने 9 रन से यह मैच जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए धमतरी 20 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन आदर्श वर्मा 23, शशांक तिवारी और योहन नायक 21-21, युवराज साहू 19, रमेश सिदार 18 रन बनाएं। गेंदबाजी बिलासपुर ब्लू धनंजय नायक 6 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिलासपुर ब्लू 20 ओवर में 8 विकेट पर 127 रन ही बना पाई। अल्तमस खान 36, सनी पांडे नॉट आउट 17 रन बनाए। गेंदबाजी धमतरी आनंद ने 3 विकेट नारायण साहू ने 2 विकेट लिए। दूसरा मैच कवर्धा विरुद्ध कोरबा के बीच खेला गया। जिसमें कवर्धा ने यह मैच 1 रन से जीता। बल्लेबाजी कवर्धा 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन अभिषेक चंद्रवंशी 46, आकाश सिंह 22, शुभम खत्री 19 बनाए। गेंदबाजी कोरबा सुमित अग्रवाल 3, दुर्गेश साहू 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी कोरबा 20 ओवरमें 158 रन पर आउट आयुष शर्मा नॉट आउट 66, दुर्गेश साहू 23, सुधांशु तिवारी 15 रन बनाए। गेंदबाजी कवर्धा विकास यादव 4 विकेट अभिषेक चंद्रवंशी 3 विकेट लिए।

# तालपुरी में बनेगी क्षेत्रीय कृषि उत्पादों की मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिनों साथी परियोजना अंतर्गत तालपुरी में प्रस्तावित क्षेत्रीय उत्पादों की मंडी का निरीक्षण किया। साथी परियोजना आत्म निर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं लखपति दीदी जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा देने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से बनाई गई परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा, जिससे कृषकों के स्वसहायता समूहों व एफपीओ को अपने उत्पादो का भण्डारण करने के लिये 5000 मि.टन का कोल्डस्टोरेज उपलब्ध कराया जायेगा एवं उत्पादों को सीधे उपभोक्ता को विक्रय करने हेतु अपना मंडी मिलेगा। स्वसहायता समूहों व एफ.पी.ओ. को उत्पादों का प्रसंस्करण कराने के लिये प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जायेगा। साथ ही उन्हें उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्य पर आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिये एग्रीमॉल स्थापित किया जावेगा। नवीन तकनीक की जानकारी एवं सलाह, किराये पर उपकरण तथा परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किया जावेगा जिसका संचालन विश्वविद्यालय के स्नातको द्वारा किया जायेगा।कृषकों के स्वसहायता समूहों, एफपीओ.व स्वदेशी कंपनियो को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिये सुपर बाजार उपलब्ध कराया जायेगा, जहां स्पेशल प्रमोशन जोन के माध्यम से विक्रय काउंटर बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। राज्य की शासकीय इकाईयो जैसे दुग्ध महासंघ, लघुवनोपज संघ, हस्तशिल्प विकास निगम इत्यादि को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य की ऑनलाईन आवश्यक सेवाओं को प्रदान करने के लिए केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जिले में साथी बाजार का संचालन 10 हजार महिलाओं के एफ.पी.ओ. के माध्यम से किया जायेगा, जिस हेतु प्रत्येक ग्राम से 20 महिलाओं का चयन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम से चयनित महिला सखियों के द्वारा साथी बाजार मे स्थापित स्वदेशी कंपनियो के उत्पादों की मार्केटिंग अपने ग्राम में की जायेगी, जिसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

- रंग-बिरंगे सजावटी पौधों से सजेंगे शा. कार्यालय व भवन



### नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या बढ़ाएंः कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नर्सरी में रोपे जाने वाले सभी पौधों का अवलोकन किया। नर्सरी में आम, अमरूद, बेर, आंवला, नींबू, करौंदा, मौसम्बी, कलमी, बीजू एवं अन्य सजावटी पौधे वर्तमान में रोपित किए गए है। कलेक्टर ने इनके आंकड़ों की जानकारी ली एवं नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या को और बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निजी नर्सरी संचालकों की तरह ही सरकारी नर्सरी के पौधों को जनता तक पंहुचाया जाए। साथ ही उन्होंने नर्सरी के सजावटी पौधों को सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में रोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने इसके बाद बीज निगम का निरीक्षण किया।

**शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

# आपस में मिल जुलकर शांति-पूर्वक मनाएं होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर अरविंद एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक मनाए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। आगामी होली त्यौहार एवं अन्य त्यौहारों में जिले में सामाजिक सौहार्द्र बना रहे यह सुनिश्चित करें। आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने शांति समिति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, आप सभी के योगदान से जिले में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम एवं भाईचारा की गौरवशाली परंपरा रही है। होली को देखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था, विद्युत उपकरण तार, ट्रांसफार्मर होलिका दहन के पास न हो यह सुनिश्चित करने, स्ट्रीट लाईट एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरूद्ध पुलिस को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा विभाग को होली पर्व के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर की उपस्थिति, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ डाक्टर एवं स्टाफ की भी ड्यूटी के निर्देश हैं।

### डरावनी हार्न लगाने पर होगी कार्यवाही

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहनों में सामान्य हार्न की बजाय भद्दी और डरावनी हार्न लगाने वाले, डरावनी नकाब में घूमने वाले, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले, तीन सवारी तथा सड़कों पर फर्राटे भरने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। होली के अवसर पर पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग चलेगी।

**उपमुख्यमंत्री ने कहा- इलेक्टोरल बांड कालेधन रोकने का माध्यम**

# साव ने गिनाई पीएम मोदी के सौ दिन की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गुरुवार को 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज का लेखा-जोखा पेश किया गया। श्री साव ने कहा कि, राज्य सरकार के कार्यों से छत्तीसगढ़वासियों में नई उम्मीदें और विश्वास जगा है।

मोदी की सभी बड़ी गारंटी पूरी कर दी गई है। अल्प समय के कार्यकाल में देश के किसी भी राज्य सरकार ने ऐसी उपलब्धि हासिल नहीं की है। जिससे छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि, राज्य की भाजपा सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी और 14 दिसंबर से ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शुरु कर दिया था। 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास देने पहली केबिनेट में ही मुहर लगाई गई। जिसके लिए कुल 12,168 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।



### बकाया बोनस से लेकर तेंदुपत्ता की दी राशि

दो वर्षों के धान खरीदी की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में डाले गए। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 655 करोड़ रूपए सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी गई है। तेन्दूपता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी गई है।

### पीएससी के शिकायतों पर होगी जांच

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जाँच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिए गए है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू कर लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन करवाया जा रहा है। नौकरी में 5 वर्ष की छूट, प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किए गए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का निर्णय लिया गया है। मीडिया से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर,अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### यूआरएम के कर्मचारियों हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा यूआरएम और आरएसएम के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता थे। सम्मानित कर्मचारियों में ओसीटी संज्योती तिर्की,किशोर सिंह, एसीटी शिवराम यादव, वरिष्ठ प्रबंधक महेंद्र कुमार गुलाटी, एसीटी किशोर बाबू, एजीएम के सुरेश कुमार, ओसीटी विनोद कुमार रजक, प्रबंधक विपिन कुमार मौर्या डी और ओसीटी नागमणि कुमार शामिल हैं। मुख्य अतिथि ने सभी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया ।

### कोलिहापुरी मे कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**अंडा।** दुर्ग लोकसभा चुनावी की तैयारी को लेकर कॉंग्रेस के दूर्ग ग्रामीण व ब्लाक 6 की बैठक 36 पोर्ट कोलीहापुरी मे आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , दुर्ग लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव जितेंद साहू जिला पंचायत दूर्ग की अध्यक्ष पुष्पा यादव, नगर पॉलिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा,सभापति केशव बंछोर,दूर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्दाकर, लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दूर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ,ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाउ,सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर, केशव बंटी हरमुख,नँद कुमार सेन, टिकेस्वरी देशमुख, तारकेस्वर चन्द्राकर मुंन्ना, चूम्मन देशमुख,नँद कुमार साहु, सनीर साहू, चन्दभान ठाक़ुर, गोबिंद चतुर्वेदी,सोनू सिह,भीष्म हिरवानी, दिवाकर गायकवाड़, डा पिलेश्वर साहू,जामवंत गजपाल, प्रशांत पाण्डेय, अशोक सिन्हा, राजकुमार देशमुख, सहित अन्य कॉंग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशव बंटी हरमुख, ने कहा की जिन लोगो ने विधानसभा चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है।इनको लोकसभा चुनाव में सांमने रख कर कार्य न ले । नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने कहा की सोसल मीडिया में हम पिछड जाते है। इस चुनाव मे हम सब स्वयम राजेन्द साहु समझकर कार्य करें।पार्टी के आदेश के अनुरूप कार्य करना है। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि हमको जो विधानसभा मे मेहनत करना है।

# मैत्रीबाग में गूंजेगी जंगल सफारी की सफेद शेरनी की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में अब लंबे समय के बाद एक और सफेद शेरनी की दहाड़ सुनाई देगी। वन्य प्राणियों की अदला बदली योजना के तहत गुरुवार को दूसरी खेप में एक वाइट टाईग्रेस लाई गई है। इसके पूर्व जंगल सफारी रायपुर से सोमवार को चार वन्य प्राणी यहां लाए गए थे।

वन्य प्राणियों के विनिमय के अंतर्गत आज जंगल सफाई रायपुर से आज यहां एक सफेद शेरनी यहां लाई गई। वन विभाग के साथ जंगल सफारी के कर्मचारियों की निगरानी में लाई गई वाइट टाइग्रेस को मैत्रीबाग जू को सौंपा गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और अंजनी कुमार की उपस्थिति में कर्मियो ने सफेद शेरनी को वाइट टाइगर के बाड़े में छोड़ा। इस अवसर पर सीजीएम जेवाय सपकाले, जीएम प्रभारी एच शेखर, मैत्रीबाग प्रभारी डीजीएम डां. एनके जैन, आरके गर्ग, राजेश कुमार, ललित, आरिफ, योगेश चंद्राकर व प्रेम कुमार उपस्थित थे। यहां 3 नर व 3 मादा शेर हैं। इनके अलावा तीन शावक हैं। इसके पूर्व 17 मार्च को यहां दो मादा व दो बार्किंग डियर और चार सेही लाए गए थे। इसके एवज में दो सियार व एक सफेद शेरनी रक्षा जंगल सफारी को दी गई है। अब सफेद शेरों की संख्या नौ हो गई है।

**वाइट टाइग्रेस सहित पांच जानवरों से जू की बढ़ेगी रौनक**





### जंगल सफारी में भी बढ़ेगा सफेद शेरों का कुनबा

मैत्रीबाग में छह साल बाद आए नए जानवरों से जहां रौनक थोड़ी बढ़ जाएगी वहीं यहां से जंगल सफारी भेजी गई सफेद शेरनी रक्षा से इस नस्ल का कुनबा बढ़ने के आसार हैं।जंगल सफारी रायपुर में सफेद शेरों की संतति नहीं बढ़ पा रही है। इस देखते हुए मैत्रीबाग से मादा शेर की अदला बदली की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में मैत्रीबाग को सफेद शेरों की नर्सरी के लिए प्रसिद्ध है। अनुकूल वातावरण, बेहतर रखरखाव के चलते सर्वाधिक सफेद शेर यहां हैं। देश के कई चिड़ियाघरों में दर्जनभर से अधिक सफेद शेर भेजे जा चुके हैं।

## विडंबना: वर्षों से गैर उत्पादन कार्यों में दे रहीं योगदान

# बीएसपी में उपेक्षा का दंश झेल रहीं सैकड़ों महिला मजदूर, पुरुषों से है कम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कार्मिकों के साथ मातृशक्ति के रुप में जाने जाने वालीं महिला ठेका मजदूरों का बड़ा योगदान है। अल्प वेतन और सुविधाओं में टाउनशिप के अस्पतालों और दफ्तरों को नीट एंड क्लीन बनाने में महती भूमिका निभाने वालीं महिला श्रमिकों की भागीदारी कुल मेन पावर में एक फीसदी से अधिक है। बावजूद इसके वर्षों बाद भी इन महतारियों को अपनी तकदीर बदलने का इंतजार है।

बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों में महिलाओं को एक बड़ा हिस्सा है। यहां कुल ठेका मजदूरों की संख्या करीबन बीस हजार है। इनमें डेढ़ से दो हजार महिला मजदूर काम करते हैं। अधिकतर महिलाएं क्लीनिंग ( साफ सफाई) का काम कर रही हैं। प्लांट के अंदर दफ्तरों के साथ इस्पात भवन के साथ मेडिकल और शिक्षा विभाग में यानी जेएनएल हास्पिटल सहित हेल्थ सेंटर और टाउनशिप के बीएसपी दफ्तरों में साफ सफाई के कार्य में लगाई गई हैं। प्लांट के अंदर रेजा व हमाली का काम भी कर रही हैं। साहबों के दफ्तरों को चकाचक करने व पानी पिलाने तथा फाइल आदि लाने ले जाने का काम भी करती हैं। सेक्टर 9 में अटेंडेंट व सफाई कर्मियों के रुप में सेवा व नीट एंड क्लीन बनाने में उनकी बड़ी भूमिका है। पिछले चालीस पचास साल से बीएसपी में पसीना बहाते हुए बीएसपी व टाउनशिप की तस्वीर बदलने में अपने पुरुष मजदूर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं। लेकिन इतने सालों बाद भी उनका जीवन स्तर ऊंचा उठना तो दूर हालत बद से बदतर होती जा रही है। इसकी वजह इन पुरुष श्रमिकों की तरह सैकड़ों महिला मजदूरों को भी अल्प वेतन व सुविधाओं में काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। तंगहाली व बदहाली के चलते महिला मजदूरों को परिवार चलाना मुशिकल मुश्किल हो रहा है।

**डेढ़ हजार मजदूर प्लांट व टाउनशिप में हैं कार्यरत**





### पुरुषों से कम वेतन

महिला मजदूरों का इतना अधिक शोषण है कि उन्हें ठेकेदार समान काम के बाद भी पुरुषों से पांच सौ रुपए वेतन कम देते हैं। अपरिहार्य छुट्टियों का भी वेतन काट लेते हैं। महिला मजदूरों ने बताया कि सरकार ने न्यूनतम मजदूरी निर्धारित कर रखी है, लेकिन इससे कम वेतन दिया जा रहा है। कोई भत्ता दिया जाता है और न ही पूरी बोनस आदि सहुलियतें दी जाती हैं। अल्प वेतन के चलते परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सैकड़ों महिलाएं ऐसी हैं जो अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली हैं। पूरा वेतन मांगने या धरना प्रदर्शन में शामिल होने पर ठेकेदार काम से निकालने की चेतावनी देते हैं। महिलाओं ने बताया कि हमें कहा तो जाता है मातृशक्ति लेकिन लेकिन सच्चाई उलट है। स्थिति बदलने ठेकेदार व बीएसपी उदासीन हैं।

### नाइट शिफ्ट की तलवार

महिला मजदूरों पर आने वाले समय में रात में भी काम करने की तलवार लटक रही है। इससे उन्हें घर पर अपने बच्चों की देखभाल व सुरक्षा के साथ ड्यूटी और रास्ते में अपनी सुरक्षा की चिंता बढ़ जाएगी। यूनियनों के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा चार संशोधित लेबर कोड कानून में महिला वर्कर्स के लिए नाईट ड्यूटी अनिवार्य किए जाने का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के बाद इस कानून के लागू होने की पुरजोर संभावना है। नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लागू हो जाने की स्थिति में महिलाओं की स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। महिला श्रमिकों ने बताया कि प्रबंधन व सरकार दोनों को हमें नियमित कर्मियों की तरह वेतन व सुविधाएं दिए जाने से ही स्थिति में बदलाव आएगा।

# बच्चों को ममत्व और स्नेहपूर्वक भोजन प्रदान करें : डीईओ





हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

राज्य शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड दुर्ग में विवेकानंद ऑडिटोरियम दुर्ग में विकासखण्ड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण की शुभारंभ करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने कहा कि आप अपने घर पर जिस ममत्व और स्नेह के साथ अपने बच्चों के लिए भोजन बनाते हैं, उसी स्नेह के साथ हमारे स्कूल के बच्चों के लिए भी भोजन बनावें । गोविंद साव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा के स्वागत किया । उन्होंने मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान स्वच्छता एवं सावधानी हेतु विशेष सुझाव दिया एवं रसोइया की समस्याएं सुनकर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से उपस्थित दुर्ग शहर की फूड इंस्पेक्टर रेणुका जांगड़े ने कहा कि मध्याह्न भोजन संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की तथा समिति या राशन दुकान द्वारा प्राप्त अनाज में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सूचना देने की बात कही । इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा श्रीवास्तव एवं नन्दा देशमुख ने बिन्दुवार विभिन्न जानकारियों को विस्तृत चर्चा की । इस कार्यक्रम में लेखाधिकारी राजेश ओझा, प्राचार्य सेजेश रिसाली धीर सर, प्रधान पाठक सरिता खरे, शिक्षक पोषण मारकण्डे, रणधीर पाण्डेय , कनिका हरपाल, संकुल समन्वयक असीम तिवारी, संजय चन्द्राकर, हरीश देवांगन, नवीन भारद्वाज, प्रीति पंसारी, किशोर दिल्लीवार, नीलू महिकवार, प्रणव मण्डरिक, कमल वैष्णव, सुमन प्रधान एवं प्रत्येक स्कूल के रसोइया उपस्थित रहे ।

■ विकासखण्ड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण आयोजित

# केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगा चिकित्सा सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

औद्योगिक नगरी भिलाई में सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम ) का कार्याल खुल जाने से कर्मचारियों और सेवानिवृत्तों का लाभ मिलेगा। चुनाव के बाद दफ्तर खोले जाने की प्रक्रिया के तेज होने की संभावना है।

गौरतलब हो कि महीनेभर पूर्व दिल्ली से पहुंची सीजीएचएस के अधिकारीयों और डाक्टर्स की टीम ने यहां सांसद विजय बघेल के पास, भिलाई में कार्यालय खोलने की प्रक्रिया की शुरुआत की थी। यहां खोले जाने वाले आरोग्य केंद्र के बारे में रुपरेखा पर चर्चा की थी। सीजीएचएस केंद्र कैसे काम करता है और इसका किन्हें फायदा मिलेगा व दुर्ग भिलाई में क्रियान्वित करने हेतु क्या करना होगा, इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद जेएनएल हास्पिटल के चिकित्सा अधिकारियों ने कार्यालय के लिए स्थल का मुआयना किया था। सांसद की कलेक्टर के साथ भी बैठक हुई थी।

■ भिलाई में सीजीएचएस का कार्यालय खुलने की प्रक्रिया होगी तेज

इस योजना से केंद्र सरकार के वर्तमान कर्मचारियों और पेंशनभोगी कर्मचारियों को इलाज के लिये ना तो भटकना पडेगा और ना ही पैसे के लिये सोचना पड़ेगा , अपितु अब अच्छे से अच्छे अस्पताल में उनका इलाज संभव हो पायेगा । कर्मियों को अस्पताल का बिल या फिर महंगी दवा, इसके लिए अपनी जेब से खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### प्राइवेट अस्पतालों में होगा फ्री इलाज

यह स्वास्थ्य योजना, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक महत्वाकांक्षी योजना है । बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि केंद्रीय कर्मियों को जिंदगीभर नहीं देना पड़ता है अस्पताल का खर्चा । इस योजना के तहत केंद्र के करोड़ों कर्मचारी और उनके परिवार का मुफ्त में बेहतर इलाज उच्च कोटि के निजी अस्पतालों में हो पायेगा। योजना केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए है। इस योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों से मुफ्त इलाज करवाया जा सकता है ऐसे अस्पताल जो सीजीएचएस से जुड़े हैं।

# पाटन राज मनवा कुर्मी समाज में नाम वापसी के बाद दो प्रत्याशी बचे मैदान में



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज में राज प्रधान चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के तहत 20 मार्च को केंद्रीय चुनाव अधिकारी छग मकुस समाज खोडस राम कश्यप, सहाय निर्वाचन अधिकारी मोती लाल वर्मा, राम खिलावन वर्मा, केदार कश्यप की उपस्थिति कार्यवाहक राज प्रधान ओम प्रकाश वर्मा की उपस्थिति में पाटन राज के राज प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशी ने अपना नामांकन जमा किया था जो स्कुटनी के बाद वैध पाया गया था। वैध नामांकन सूची में युगल किशोर आडिल तारेन्द्र बंछोर, रुपेन्द्र वर्मा, भागवत प्रसाद वर्मा नाम शामिल था। नाम वापसी में तारेन्द्र बंछोर और भागवत प्रसाद वर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया । अब पाटन राज राजप्रधान चुनाव के लिए कुर्मीगुंडरा निवासी युगल किशोर आडिल व रवेली निवासी रुपेन्द्र वर्मा के बीच चुनाव होगा। यह जानकारी समाज के वरिष्ठ केदार कश्यप ने दिया ।

### खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक



**कुम्हारी।** रायगढ़ में आयोजित राज्य बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम। जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ी देव कुमार ने 60 किलो वर्ग कैटेगरी में कांस्य पदक जीता 65 किलो वर्ग कैटेगरी में एन. साईं कार्तिक ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा साथ ही रनर ऑफ छत्तीसगढ़ भी रहे वही मेन फिजिक में मधुर वैष्णव ने कस्य पदक जीता। कुम्हारी में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारी के टिंबर मर्चेंट और पावरलिफ्टर विकास शुक्ला ने कुम्हारी के विजेता खिलाड़ियों को 2100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है साथ ही युवा उद्यमी त्रिलोक कुमार साहू ने विजेता खिलाड़ियों को 1100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ और जय हनुमान व्यायाम शाला के मेंटोर प्रदीप झा ने दी श्री झा ने बताया कि सीमित संसाधनों में भी हमारे खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सेल कहानी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल ने सेल कहानी लेखन प्रतियोगिताके परिणाम जारी किए। प्रतियोगिता की थीम तुम, मैं और सेल थी।

हिंदी भाषा कहानी में प्रथम पूनम यादव, बर्नपुर,द्वितीय शरद कुमार वर्मा, लखनऊ व तृतीय विनीता कुमारी, बोकारो रहीं। अंग्रेजी भाषा का प्रथम पुरस्कार अद्वय सहाय, गाजियाबाद द्वितीय मिलिंद सेनगुप्ता, बर्नपुर व तृतीय विजय चंद्र तिवारी,बोकारो को मिला। सेल द्वारा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रकाशन सेल न्यूज में भी होगा।

## ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी

# आईआईटी की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश शुरू, इधर शोध परीक्षा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आईआईटी भिलाई की मानसून सेमेस्टर में सभी विभागों के एमटेक और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी अपना आवेदन दे सकते हैं। प्रवेश के लिए आईआईटी प्रबंधन ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सिस्टम से प्रवेश की सुविधा प्रदान की है। विद्यार्थी अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करने और शुल्क भुगतान 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार मई में होगी।

### इन विषयों में ले सकते हैं दाखिला

आईआईटी भिलाई बायो इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में एमटेक कार्यक्रम प्रदान करता है।आईआईटी भिलाई बायो साइंस एंड बायो मेडिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, गणित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, और भौतिकी में पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। प्रवेश संबंधी जानकारी विद्यार्थी आईआईटी भिलाई के वेबसाईट से भी ले सकते हैं।



### पीएचडी शोध प्रवेश प्रक्रिया निरस्त

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया निरस्त कर दी है। विश्वविद्यालय ने पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश के लिए 21 मार्च से 5 अप्रैल तक विद्यार्थियों को सूचना दी थी। जिसे निरस्त कर दिया गया है। लोक सभा चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण कई शोधार्थियों को उनके विभागों से अवकाश की मंजूरी नहीं मिल पाई। इसकी सूचना शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को दी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग अधिकारियों से बैठक की और यह निर्णय लिया। पीएचडी शोध करने वालों में ज्यादातर लोग सरकारी विभागों में हैं और शोध विद्यार्थी के रूप में यूनिवर्सिटी में आवेदन पेश किए हैं। ऐसे शोधार्थियों को अपने विभाग से अवकाश की अनुमति लेकर शोध कार्य में उपस्थिति देनी पड़ती है।

### 19 विषयों में 300 से ज्यादा शोधार्थी

डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 19 विषयों में 17 शोधकेन्द्र विष्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। इन्हीं शोधकेन्द्रों में लगभग 300 से अधिक शोधार्थी शोधकार्य हेतु प्रवेश लेंगे। प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों को अपने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ–साथ प्रवेश आवेदन पत्र, अपने पात्रता प्रमाणपत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा शोधनिर्देशक का नाम एवं शोधकेन्द्र का नाम प्रस्तुत करना था। प्रत्येक शोधकेन्द्र के संबंधित विभाग द्वारा एक समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। इस समिति का नाम रिसर्च एडवाइजरी कमेटी होगा। इस कमेटी में संबंधित विभाग में पदस्थ समस्त मान्यता प्राप्त शोधनिर्देशक तथा महाविद्यालय के प्राचार्य शामिल होंगे। ऐसे शोधार्थी जिनके शोधनिर्देशक शोधकेन्द्र में पदस्थ नहीं है वें शोधनिर्देशक भी आर.ए.सी कमेटी के सदस्य होंगे।

# जमीन मामले में पूर्व मंत्री संलिप्त, कार्रवाई के लिए आयकर विभाग का सीएस-डीजीपी को पत्र

## पीडीआईटी द्वारा मुख्य सचिव, डीजीपी को लिखे पत्र से हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अमरजीत के यहां दो माह पूर्व आयकर विभाग द्वारा की गई छापे की कार्रवाई के आधार पर आयकर विभाग के प्रधान निदेशक कार्यालय ने राज्य के मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर बड़े पैमाने पर जमीन खरीदी करने में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन पर बांग्लादेश के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए बनी सरकारी जमीन हड़पने का आरोप है। आयकर विभाग ने इसे संज्ञेय अपराध बताते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है।

अलग खबर

गौरतलब है कि आयकर विभाग ने इस वर्ष 31 जनवरी को अमरजीत भगत तथा उनसे जुड़े कारोबारी और अन्य संबंधित लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में आईटी अफसरों ने जमीन खरीदी के दस्तावेज जब्त किए थे। जब्ती के आधार पर आयकर विभाग ने पूर्व मंत्री भगत के खिलाफ विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में आए बांग्लादेश के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए बनी सरकारी जमीन पर कब्जा कर संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है।

### खास बातें

- मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर बड़े पैमाने पर जमीन खरीदी करने में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया
- छापे की कार्रवाई में आईटी अफसरों ने जमीन खरीदी के दस्तावेज जब्त

### भेजा 35 पन्नों का पत्र

पूर्व मंत्री के जमीन कब्जा करने के मामले को लेकर आयकर विभाग ने मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को 35 पन्नों का एक गोपनीय पत्र भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि बांग्लादेश से आए शरणार्थियों को अंबिकापुर के सुभाष नगर क्षेत्र में और उसके आसपास जमीन आवंटित की गई थी। इन जमीनों को भूमि अभिलेखों के अनुसार 'पुनर्वास पट्टा' जिसे स्थानीय बोलचाल में बंगाली पट्टा के नाम से जाना जाता है। उसी जमीन की खरीदी-बिक्री में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया गया है।

### सिंडिकेट बनाकर फर्जीवाड़ा

जमीन फर्जीवाड़ा करने के मामले को लेकर आयकर विभाग ने जो पत्र लिखा है, उस पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि तत्कालीन मंत्री अमरजीत भगत से निकटता के कारण एक कारोबारी ने जिला कलेक्टर से अनुमति प्राप्त कर बहुत कम कीमत पर बंगाली पट्टा खरीदने का सिंडिकेट चलाया। बाद में उन्हीं बंगाली पट्टा को भगत के रिश्तेदारों सहित अन्य व्यक्तियों को बहुत अधिक प्रीमियम कीमतों पर बेच दिया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने आईएमए के प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि आयुष्मान भारत से इलाज के लिए वर्तमान में चल रहा ट्रस्ट मॉडल वास्तव में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार का ही आइडिया था, लेकिन उस दौरान सरकार बदल गई और तत्कालीन सरकार ने उसे लागू कर दिया, इसलिए इस मोड को बदला नहीं जाना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। आईएमए के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पहले भी दो बार अलग-अलग इंश्योरेंस कंपनियों को काम दिया जा चुका है और दोनों बार यह मोड फेल साबित हुआ है। प्रदेश के सभी गरीबों का इलाज करना, ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, लेकिन इंश्योरेंस कंपनी को इससे कोई मतलब नहीं रहता। बस ज्यादा से ज्यादा पैसे कैसे बचा सकते हैं, इसकी फिराक में रहती हैं।

### आयुष्मान भारत का बकाया भुगतान तत्काल जारी करें

**रायपुर।** प्रदेश आईएमए के प्रतिनिधिमंडल ने आयुष्मान भारत की पेंडिंग राशि का भुगतान नहीं होने से परेशान निजी अस्पतालों के संबंध में मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आयुष्मान भारत की राशि का भुगतान नहीं होने से कई अस्पताल बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बैंकों के कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में यह योजना छत्तीसगढ़ में दम तोड़ देगी। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदना दिखाते हुए तत्काल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से पेंडिंग राशि तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द से जल्द पेंडिंग खत्म कर अस्पतालों का नियमित भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। यह योजना प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजना है। इस योजना पर किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. विमल चोपड़ा, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, अशोक त्रिपाठी, शैलेश खंडेलवाल, अखिलेश दुबे, केतन शाह एवं दानसिंह देवांगन उपस्थित थे।

### भारत भूमि पर दिखाई नहीं पड़ेगा चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण

**रायपुर।** मां महामाया देवी मंदिर-समलेश्वरी देवी के पुजारी पं. मनोज



शुक्ला महाराज ने बताया कि 25 मार्च और 8 अप्रैल को विश्व के भूगोल पर घटित होने वाला चंद्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण भारत भूमि पर दिखाई नहीं पड़ेगा। इसलिए किसी भी तरह के धार्मिक पूजा पाठ, अनुष्ठान, गृहप्रवेश, वास्तु पूजा, पितृदोष निवारण, श्रीमद भागवत महापुराण, शिवपुराण, देवीपुराण आदि कथा तथा हस्तलिखित जन्म पत्रिका बनाने के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया तथा अन्य विभिन्न स्त्रोतों द्वारा बताए जा रहे समाचारों पर न ही स्वयं ध्यान दें और न ही किसी और को भेजकर गलत प्रचार करें।

## निरीक्षण : कलेक्टोरेट में स्वसहायता समूह की महिलओं ने लगाया स्टाल

# जिला प्रशासन के अधिकारी इस बार हर्बल गुलाल व रंगों से मनाएंगे होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बिहान समूह के माध्यम से जुड़े जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महिदही विकासखंड साजा द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए आज जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल सहित अधिकारियों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्व-सहायता समूह की महिलाओं से तक़रीबन 5000 रुपए के हर्बल गुलाल खरीदें। उनके सभी हर्बल गुलाल बिक गए थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों से इस बार हर्बल गुलाल के रंगों से अपने परिवार के साथ होली का पर्व मनाने का आग्रह किया। अधिकारियों ने कहा कि इस बार हम सभी लोग हर्बल गुलाल से होली का पर्व मनाएंगे। जिले में इस बार होली को लेकर बिहान समूह से जुड़े महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं दिन-रात हर्बल गुलाल तैयार करने में लगी है। इस गुलाल को लगाने से जहां चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। महिला स्व-सहायता समूह के जरिए में तैयार किए जा इन हर्बल गुलाल और हर्बल रंग की कई विशेषताएं हैं। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं गुलाल और रंग में महक के लिए भी फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, जो नुकसान करे। इसी वजह से जिला स्तरीय अधिकारी हर्बल गुलाल खरीदनें में पीछे नहीं रहें। जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य ने बताया कि समूह की महिलाओं ने चुकंदर, पालक, हल्दी, पलाश के फूल, अरारोट सहित अन्य सामग्रियों से गुलाल बनाया है। इससे किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट त्वचा में नहीं होगा। अधिकारियों ने गुलाल खरीदा है। समूह की महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के द्वारा दिया गया है।

### हर्बल साबुन, धूप, डिसवाश भी बिका



**बेमेतरा।** महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल, हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं। उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया की आज सुबह से ही हर्बल गुलाल की लगातार बिक्री हो रही। इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित कलेक्टरेट के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भर बनाने समयानुसार प्रशिक्षण

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला टेकचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि समूह से जुड़ी महिलाओं को उनकी अभिरुचि और स्थानीय बाजार माँग और समय को देखते हुए विभिन्न कार्यों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कई तरह के प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि महिलाएं घर बैठे ही स्वरोजगार से जुड़ सके हैं और उसका लाभ ले सकें। कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिए जा रहे है। उन्होंने बताया की अभी होली आने वाला है इसलिए महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। महिलाएं अपने गांव में घरों में एक साथ बैठकर आरारोट और नेचुरल रंग से हर्बल गुलाल तैयार कर रहे हैं। इस हर्बल गुलाल को बाजार में बिक्री के बाद महिलाओं को काफी फायदा होगा। उन्हें घर बैठे स्वारोजगार भी मिलेगा, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी।

# होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

होली पर्व को लेकर नगर पंचायत दाढ़ी के थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करते दाढ़ी थाना प्रभारी टीआई दूलेश्वर चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में दाढ़ी थाना परिसर में तहसीलदार सीताराम कंवर की अध्यक्षता सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी, शासकीय कॉलेज के प्राचार्य कमलेश दुबे की उपस्थिति में जनप्रतिनिधि एवं आमजनों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें टीआई ने होली पर्व पर उपद्रव करने वाले के ऊपर कड़ी कार्रवाई की निर्देश के साथ डीजे नहीं बजाने और दोपहिया पर तीन सवारियां चार सवारी करने के वाले के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की जानकारी दी।

तहसीलदार ने आचार संहिता का पालन करने एवं धारा 144 नियमों का पालन करते हुए होली मनाने की अपील किए। सी.एम.ओ द्विवेदी ने इस दौरान कहा शांति पूर्वक निश्चित स्थान पर ही होली जलाएं किसी भी प्रकार के रास्ते बिजली तार के नीचे होली ना जलावे एवं भद्र निवारण के बाद शुभ मुहूर्त रात 11:14 मिनट पर होलिका दहन किए जाने की जानकारी दिया गया।

कॉलेज के प्राचार्य कमलेश दुबे ने चुनावी मतदाता जागरूकता के संबंध में जानकारी दी। बैठक में राजेश जैन, अर्पित गुप्ता, रोहित साहू, सरपंच सहित आमजन उपस्थित थे।

### इंटर्नशिप सर्टिफिकेट का छात्रों में हुआ वितरण



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में इंटर्नशिप सर्टिफिकेट का वितरण कक्षा बारहवी के व्यवसायिक छात्रों को संस्था के प्राचार्य संतराम साहू ने किया। इस दौरान श्री साहू ने कहा व्यवसायिक शिक्षा उद्देश ही बच्चों को कौशल प्रदान कर उज्जवल भविष्य बनाता है। इंटर्नशिप सर्टिफिकेट का वितरण में व्यवसायिक शिक्षक प्रीति वर्मा, तेमेश्वर गजेंद्र उपस्थित रहे।

### संत रविदास की जयंती मनाई गई



**नवागढ़।** मेहर समाज नवागढ़ के तत्वावधान में संत रविदास की जयंती मनाई गई। जिसमें भाजपा महामंत्री मिंटू बिसेन व किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विनोद साहू ने रविदास जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन पश्चात आशीर्वाद लिया। इस दौरान रमेश मेहर, लक्ष्मीचंद जैन, मिथुन खरे, सुरेंद्र, अनिल, हेमंत, दिलीप, मोहित, रोहित आदि उपस्थित रहे।

### पायलट ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना कहा- कांग्रेस को चुनाव में रोकने की कोशिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, केंद्र सरकार कांग्रेस के खाते सील कर रही है। कांग्रेस को चुनाव में रोकने की कोशिश हो रही है। आयकर का नोटिस देना, प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई हो रही है। लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। प्रमुख विपक्षी दल पर अंकुश लगाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग को इस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज रायपुर पहुंचे। संवाददाताओं से चर्चा के दौरान एयरपोर्ट पर इलेक्टोरल बॉन्ड पर हो रही सियासत पर सचिन ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया। राहुल गांधी ने कहा, यह वसूली का तंत्र बन गया है। दुनिया ने पहला प्रकरण देखा जब सरकार के तंत्र के तहत ऐसा व्यापक घोटाला हुआ। भाजपा के खातों को सीज किया जाना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार कांग्रेस के खाते सीज कर रही है। देश में स्वतंत्र पारदर्शी चुनाव कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। निर्वाचन आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की नीति और नीयत में फर्क आया है।

# मोटरनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह मारे छर्रे, ट्यूब से खाना देकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि परिसर में स्वयं द्वारा तैयार किए गए आत्मघाती सामग्री से आत्महत्या करने की कोशिश करने वाले छात्र को एम्स प्रबंधन ने लंबे चले इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया है। फिलहाल छात्र को बाह्य ट्यूब के माध्यम से खाना दिया जा रहा है। एम्स प्रबंधन के अनुसार, दूसरे चरण में चिकित्सकों द्वारा इसे हटाकर मुख से खाना देने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि एनआईटी के 19वर्षीय छात्र ने रविवि के ज्ञान सरोवर में विस्फोटक सामग्री से खुद को उड़ा लिया था। इसके बाद छात्र को एम्स में भर्ती किया गया था। इसके पूर्व भी छात्र द्वारा कई बार आत्महत्या की कोशिश की जा चुकी है।

एम्स प्रबंधन के अनुसार, छात्र ने मोटरनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह छर्रे मारने का प्रयास किया था। इमरजेंसी में भर्ती होने तक छात्र होश में था परंतु चिकित्सकों के नियमित प्रयासों के बाद भी हृदय गति निरंतर बढ़ रही थी। सर्जरी टीम ने पाया कि छात्र द्वारा निर्मित हथियार की वजह से उसके पेट में दो गुणा दो सेमी और एक गुणा एक सेमी के दो छिद्र बन गए हैं। हथियार में प्रयुक्त धातु के छर्रे पेट के अंदर आंतों को भेदते हुए रीढ़ की हड्डी के पास जाकर फंस गए थे। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी की टीम ने तुरंत एक्सप्लोरेटरी लेप्रोटॉमी सर्जरी का निर्णय लिया।

दूसरे चरण में चिकित्सकों ने पेट के अंदर घायल अंगों को चिन्हित कर उनका उपचार किया। इस प्रकार के केस में मृत्युदर अधिक होने और इंफेक्शन की अधिक संभावना होने की वजह से चिकित्सकों की टीम सोच समझकर निर्णय ले रही थी। स्व निर्मित हथियार से आंतों और धमनियों के क्षतिग्रस्त होने की वजह से गैसट्रिक जूस, पित्त रस और एंजाइम सीधे पेट के अंदरूनी हिस्सों के संपर्क में आकर संक्रमण बढ़ा सकते थे। इसलिए अंदरूनी हिस्सों की चोट को देखते हुए नाक, मुख और पेट में कई ट्यूब के माध्यम से रोगी की स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया गया।



### पहले भी किया आत्महत्या का प्रयास

गौरतलब है कि छात्र द्वारा रविवि कैंपस में दोपहर 3 बजे आत्महत्या का प्रयास किया गया था। कैंपस में हुई इस घटना ने सभी को चौंका दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि छात्र द्वारा पहले भी आत्महत्या की कोशिश की जा चुकी है। छात्र ने स्वयं ही विस्फोटक सामग्री से आत्मघाती सामग्री तैयार की थी। छात्र के बैग से इससे जुड़ी चीजें भी पुलिस को मिली थीं। जानकारी के अनुसार, छात्र एनआईटी का है। लंबे चले इलाज के बाद अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### पेट में ही एकत्र हो गया बहा हुआ खून

सर्जरी से पूर्व टीम का मानना था कि इस प्रकार की प्रक्रिया में काफी रक्तस्त्राव हो सकता है। सर्जरी के दौरान ऐसा ही हुआ। चोट के कारण छात्र का दो लीटर से अधिक रक्त निकल चुका था जो पेट में एकत्रित था। सर्जरी टीम ने सर्जरी के तुरंत बाद समय पर रक्तस्राव करने वाली नस का उपचार प्रारंभ किया। छात्र का ब्लड प्रेशर निरंतर कम हो रहा था। यह 40/18 तक पहुंच चुका था, लेकिन सर्जन्स के प्रयास से इसे नियमित कर दिया गया। डॉ. शिवराज, राधाकृष्ण रामचंदानी, डॉ. कृष्णा जांगिड, डॉ. टोखो और डॉ. एशरिया, डॉ. जीवन वर्मा, डॉ. विशाल मोहंती, डॉ. तेजा, डॉ. चंदन डे, डॉ. मुस्सविर और डॉ. प्रशांत भी टीम का हिस्सा रहे।

# ओपन हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में बीआरसी ने की जांच



**साजा।** विकासखण्ड साजा क्षेत्र के ओपन हाईस्कूल परीक्षा में दिनांक 22 मार्च को शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थानखम्हरिया में बीआरसी साजा भेखदास बघेल की टीम ने औचक निरीक्षण किया। कक्षा 10वीं की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में सभी परीक्षक अपने परीक्षा कक्ष में सुचारू रूप से परीक्षा लेते पाए गए। जिसमें 165 परीक्षार्थियों में से 154 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा शांतिपूर्ण व सही तरीके से संचालित थी। निरीक्षण दल में अजीमुद्दीन कुरैशी, आनंद ताम्रकार, राजू पटेल शामिल थे।







